मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर के प्रशिक्षु वन रक्षकों का आफरी भ्रमण दिनांक 05/02/2016

मरू वन प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर के 16 प्रशिक्षु वन रक्षकों के दल ने श्री पूनाराम सिसोदिया एवं श्री नरपतसिंह राजपुरोहित क्षेत्रीय वन अधिकारी के साथ दिनांक 5 फरवरी, 2016 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया । भ्रमण के प्रारम्भ में कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी । इसके बाद इन्हें सस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण करवाया गया, जहाँ वन रक्षकों ने जल एवं मृदा की गुणवत्ता, वृक्षों पर लगने वाली बीमारियों, ऊत्तक संवर्धन इत्यादि से संबंधित अनुसंधान कार्यो की जानकारी ली । वन रक्षकों ने संस्थान परिसर में स्थित ऊतक संवर्धन से विकसित गुगल पौधरोपण का भी अवलोकन किया ।

इसके बाद दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित अनुसंधान गतिविधियों, उपलब्धियों, तकनीकों एवं अन्य सूचना एवं सामग्री का अवलोकन किया । यहाँ श्री चौधरी ने विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं की जानकारी देने के साथ साथ वनरक्षकों को वृक्षों की महत्ता एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी बताया ।

भ्रमण कार्यक्रम का समन्वयन श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीकी सहायक ने किया । श्री तेजाराम ने कार्यक्रम में सहयोग किया ।

STABILIZATION THROUGH SURFACE VEGETATION
PRODUCTIVITY ENHANCE

THROUGH BIODRAINAGE

OF WATERLOGGED AREA THROUG